नया इंडिया

पेंग्विन ने सामग्री, प्रचार को लेकर वाट्टपैड से मिलाया हाथ : नई दिल्ली। पेंग्विन रैंडम हाउस इंडिया ने कहानी से जुड़े मंच वाट्टपैट के साथ करार किया है। इसके जरिए इसके लेखकों को दुनियाभर में फैले करीब सात करोड़ पाठकों और लेखकों से संवाद करने का मौका मिलेगा। कहानी पसंद करने वाले लोगों के मंच वाट्टपैड पर पेंग्विन के लेखकों की आगामी पुस्तकों की सामग्री उपलब्ध होगी। पेंग्विन के लेखक वाटपैड के जरिए अपने पाठकों से जुड़ेंगे और 'मुझ से कुछ भी पूछिए' नाम से सत्र चलाएंगे। वाट्टपैड के क्षेत्रीय प्रमुख देवाशीष शर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया मंच भारतीय लेखकों के लिए अवसर तैयार करने को हर दिन काम कर रहा है।

सार समाचार

सेना के अभियान में 37 आतंकवादी मारे गए

काबुल, वार्ता। अफगानिस्तान की नेशनल डिफेंस एण्ड सिक्योरिटी फोर्सेज ने पिछले 24 घंटों के दौरान 10 अभियान चलाए जिसमें कम से कम 37 आतंकवादी मारे गए। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक वक्तव्य जारी कर यह जानकारी दी। वक्तव्य के मुताबिक,"अफगानिस्तान की सेना के 101 विशेष कमांडो के दस्ते ने देश के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा अभियान चलाए। यह अभियान लोगों की बेहतर सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए चलाए गए जिसमें दुश्मनों के अभयारण्यों को नष्ट किया गया।" सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के 13 ठिकानों पर हवाई हमले किए। यह हवाई हमले लोगर, बदघीस, हेरत, कुनार, पकतिया, हेलमंडल, बाघलन, गजनी, ऊर्जगन, नांगरहार, जाबुल, फरयाब, बल्ख और सिर-ए-पोल प्रांतों में किए गए थे। सुरक्षाबलों ने अभियान के दौरान आतंकवादियों के पास से हथियार और विस्फोटक उपकरण भी बरामद किए हैं। इस अभियान में सुरक्षाबलों को कितना नुकसान हुआ इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी गयी है।

मध्य अमेरिकी देश रहने के लिए सबसे खतरनाक: संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र, वार्ता। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मध्य अमेरिका रहने के लिए दुनिया में सबसे खतरनाक जगह है। मादक पदार्थ एवं अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय की ओर से किए गए एक अध्ययन के मुताबिक मध्य अमेरिकी देशों में हत्या और गैर-कानूनी कृत्यों में काफी इजाफा हुआ है। मध्य अमेरिकी देशों में प्रति एक लाख लोगों पर हत्या की दर 62.1 प्रतिशत है। एशिया, यूरोप और ओशानिया में हत्याओं की दर 2.3, 3.0 और 2.8 है जोकि वैश्विक दर 6.1 के मुकाबले भी काफी कम है। इस दृष्टि से एशिया और यूरोप के देश अधिक सुरक्षित हैं। अफ्रीका में हत्या की दर 13 प्रतिशत है जोकि अमेरिका की 17.2 प्रतिशत दर से भी काफी कम है।

अमेरिका ताइवान को हथियारों की प्रस्तावित बिक्री 'तत्काल रद्द' करे

बीजिंग, एएफपी। चीन ने ताइवान को युद्धक टैंकों और विमान भेदी मिसाइलों समेत 2.2 अरब डॉलर के हथियारों की प्रस्तावित बिक्री संबंधी समझौते को ''तत्काल रद्द'' किये जाने की अमेरिका से मंगलवार को मांग की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गेंग शुआंग ने एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''अमेरिका द्वारा ताइवान को हथियारों की बिक्री...एक-चीन सिद्धांत का गंभीर उल्लंघन करता है... चीन के आंतरिक मामलों में व्यापक रूप से हस्तक्षेप करता है और चीन की संप्रभुता तथा सुरक्षा हितों को कमजोर करता है।''

ईरान ने यूरेनियम संवर्धन की तय सीमा तोड़ी

तेहरान ■ एएफपी

ईरान ने 2015 के परमाणु समझौते में संवर्धित यूरेनियम के उत्पादन को लेकर तय की गई सीमा का सोमवार को उल्लंघन किया और यूरोप को जवाबी कार्रवाई करने के खिलाफ आगाह किया।

वहीं फ्रांस ने तनाव को कम करने के प्रयासों के तहत अपने एक दूत को ईरान रवाना किया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब वैश्विक ताकतों और ईरान के बीच हुए ऐतिहासिक समझौते से अमेरिका को अलग हुए एक साल से ज्यादा का वक्त हो गया है।

ईरान का कहना है कि समझौते के शेष यूरोपीय साझेदारों की निष्क्रियता के कारण अब उसमें सब्र नहीं बचा है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि ईरान के हालिया कदम के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फ्रांस के अपने समकक्ष एमैनुएल मैक्रों के साथ "ईरान परमाणु हथियार न हासिल कर सके, यह सुनिश्चित करने और पश्चिम एशिया में ईरान के अस्थिर व्यवहार को खत्म करने के लिए जारी प्रयासों" पर चर्चा की।

ईरान द्वारा निर्धारित सीमा को पार किए जाने और 4.5 प्रतिशत संवर्धन करने की घोषणा देश के परमाणु ऊर्जा संगठन के प्रवक्ता बेहरूज कमालवंदी ने की।

अर्द्ध सरकारी संवाद समिति आईएसएनए ने उनके हवाले से कहा, "शुद्धता का यह स्तर देश के ऊर्जा संयंत्रों की ईंधन जरूरतों को हर तरह से पूरा करता है।"

कमालवंदी ने संकेत दिया है कि इस्लामी गणराज्य कुछ समय तक संवर्धन के इस स्तर को बरकरार रख सकता है जो एक परमाणु हथियार बनाने के लिए जरूरी 90 प्रतिशत के स्तर से काफी नीचे है। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने पुष्टि की है कि ईरान ने सौदे में निर्धारित सीमा के स्तर से ज्यादा यूरेनियम का संवर्धन किया है। आईएईए ने कहा कि उसके निरीक्षकों ने, "आठ जुलाई को पुष्टि की कि ईरान 3.67 प्रति यू-235 से ऊपर यूरेनियम को संवर्धित कर रहा है।" यूरोपीय संघ ने कहा कि वह इस कदम से "अत्यंत चिंतित" है और ईरान से अपील की कि वह समझौते की प्रतिबद्धता के खिलाफ की जा रही सभी गतिविधियों को रोक दे। साथ ही फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन ने भी ईरान से इस सीमा का उल्लंघन नहीं करने की अपील की। वहीं फ्रांस ने कहा कि वह तनाव को कम करने के लिए अपने विशेष दूत को मंगलवार- बुधवार को ईरान भेज रहा है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने किसी भी तरह की सख्त कार्रवाई के खिलाफ आगाह किया। मंत्रालय के प्रवक्ता अब्बाद मौसवी ने कहा कि अगर यूरोप ने "कुछ भी अटपटे कदम उठाए, तो हम सभी अगले कदम (प्रतिबद्धताओं की तरफ वापस लौटने की योजना) छोड़कर अंतिम वाले को लागू करेंगे।" उन्होंने आखिरी कदम के बारे में नहीं बताया लेकिन ईरानी राष्ट्रपति हसन रूहानी ने पूर्व में आगाह किया था कि ईरान परमाणु समझौते से बाहर हो सकता है।

अमेरिका ने ईरान पर और कड़े आर्थिक प्रतिबंधों की दी चेतावनी

वाशिंगटन ■ शिन्हुआ

अमेरिका ने अपने हितों की सुरक्षा का हवाला देते हुए ईरान पर और कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने सोमवार को कहा, "मैं स्पष्ट तौर पर कहना चाहता हूं कि ईरान को अमेरिकी धैर्य और संकल्प की परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। हम बेहतर की उम्मीद करते हैं, लेकिन अमेरिका और उसकी सेना खाड़ी क्षेत्र में अपने हितों और नागरिकों की रक्षा करने के लिए हमेशा तैयार है।" पेंस ने यह बात इजरायल समर्थित ईसाई संगठन 'क्रिश्चियन यूनाइटेड फॉर इजरायल' के वार्षिक सम्मेलन में यह बात कही। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा कि ईरान की अर्थव्यवस्था पर कड़े प्रतिबंध लगातार जारी रहेंगे।

पेंस का यह बयान ऐसे समय में आया है जब ईरान ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु समझौते के तहत यूरेनियम संवर्द्धन की तय सीमा को पार कर लिया है। ईरान ने 3.67 प्रतिशत की तय सीमा को पार कर अपना यूरेनियम संवर्द्धन 4.5 प्रतिशत तक कर लिया है। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन के प्रवक्ता बहरूज कमालवंडी ने यह घोषणा की। इसके बाद अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने भी ईरान को कड़े आर्थिक प्रतिबंधों का सामना करने की चेतावनी दी।

पोम्पियो ने कहा, "हमने ईरान पर इतिहास में अब तक का सबसे अधिक दबाव बनाया है और हम इससे संतुष्ट नहीं हैं।" श्री बोल्टन ने कहा, "हम ईरान पर तब तक दबाव बनाये रखेंगे, जब तक कि वह अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को रोक नहीं देता और पूरे विश्व में आतंकवाद को संचालित और समर्थन देने सहित पश्चिम एशिया में हिंसक गतिविधियों को समाप्त नहीं कर देता है।"

अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद ईरान से जारी रहेगा व्यापार

रूस ने कहा है कि ईरान के विरुद्ध लगाये गये अमेरिकी प्रतिबंधों को वह नजरअंदाज करते हुए उसके साथ व्यापार जारी रखेगा।

ब्रुसेल्स ■ स्पूतनिक

रूस ने कहा है कि ईरान के विरुद्ध लगाये गये अमेरिकी प्रतिबंधों को वह नजरअंदाज करते हुए उसके साथ व्यापार जारी रखेगा।

यूरोपीय संघ में रूस के स्थायी प्रतिनिधि व्लादिमीर चिझोव ने स्पूतनिक से कहा, " हमारे सहयोगी यहां पूछते रहते हैं कि रूस और चीन व्यापार विनिमय में सहयोग के लिए तंत्र (इन्टेक्स) का गठन क्यों नहीं करते। इसके जवाब में हम कहते हैं कि हमें इसकी आवश्यकता ही क्यों है। हम पहले से ही व्यापार कर रहे हैं और अमेरिकी प्रतिबंधों की परवाह किये गये बगैर भी व्यापार जारी रखेंगे। "

अमेरिका ने गत वर्ष ईरान के विरुद्ध आर्थिक और ऊर्जा के क्षेत्र में प्रतिबंध लगा दिये थे। ये प्रतिबंध 2015 में हुये परमाणु समझौते से अलग होने के बाद लगाए गए थे।

अमेरिकी प्रतिबंधों के मद्देनजर ईरान के साथ बिना डॉलर का उपयोग किये व्यापार जारी रखने के लिए फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन ने जनवरी में इन्टेक्स का गठन किया था। ईरान के परमाणु समझौते से संबंधित संयुक्त आयोग की बैठक के बाद यह तंत्र प्रभावी हो गया और इससे जुड़ी सहूलियतें सभी यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के लिए उपलब्ध हैं।

ट्रम्प ने ब्रिटिश राजदूत डरोच की निंदा की

वाशिंगटन, शिन्हुआ। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत किम डरोच की निंदा की और कहा कि अमेरिका उन्हें अधिक दिनों तक वहन नहीं करेगा। ट्रम्प ने यह बाते डरोज द्वारा ट्रम्प प्रशासन को दुष्क्रियाशील अंग करार दिये जाने को लेकर कही। उन्होंने श्री डरोच के रविवार के मेल का जिक्र करते हुए सोमवार को ट्विटर पर लिखा, "मैं ब्रिटिश राजदूत को नहीं जानता, लेकिन उसे अमेरिका में पसंद नहीं किया जाता है। हम उसे अधिक दिन तक वहन नहीं करेंगे।" अमेरिकी राष्ट्रपति ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री थेरेसा मे तथा उनके ब्रेक्जिट मुद्दे के संभालने के तरीके पर भी असंतोष व्यक्त किया।

करतारपुर गलियारे पर बैठक के लिए भारतीय पत्रकारों को किया आमंत्रित

इस्लामाबाद ■ वार्ता

पाकिस्तान ने भारत के साथ करतारपुर गलियारे और उससे संबंधित तकनीकी मुद्दों पर चर्चा के लिए 14 जुलाई को वाघा में होने वाली दूसरे दौर की बातचीत के लिए भारतीय पत्रकारों को आमंत्रित किया है। पाकिस्तान ने कहा है कि बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारतीय पत्रकार वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं।

पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद फैसल ने सोमवार देर शाम ट्वीट कर यह जानकारी दी। श्री फैसल ने ट्वीट किया, " पाकिस्तान 14 जुलाई को वाघा में होने वाली करतारपुर गलियारे की बैठक के लिए भारतीय मीडिया का स्वागत करता है। नयी दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में वीजा के लिए आवेदन किया जा सकता है।"

पाकिस्तान ने दो जुलाई को भारत को सूचित किया था कि करतारपुर गलियारे को खोलने की शर्तों, रूपरेखा एवं तकनीकी विषयों के संबंध में द्विपक्षीय समझौते के मसौदे पर बातचीत के लिए दूसरी बैठक 14 जुलाई को वाघा-अटारी इंटीग्रेटेड कॉम्प्लैक्स में होगी।

पाकिस्तान ने भारत की ओर से 11 अथवा 14 जुलाई को बैठक का प्रस्ताव रखे जाने के सुझाव के बाद इस तारीख की पुष्टि की।

दोनों देशों के अधिकारियों के बीच पहले दौर की बातचीत 14 मार्च को अटारी-वाघा सीमा पर हुई थी। इस सिलसिले में दूसरे दौर की बातचीत दो अप्रैल को होने वाली थी लेकिन पाकिस्तान सरकार की ओर से गलियारे से जुड़ी एक समिति में खालिस्तान समर्थक नेता गोपाल सिंह चावला की नियुक्ति के बाद बातचीत में गतिरोध आ गया था।

इस गलियारे से पाकिस्तान के करतारपुर में स्थित दरबार साहिब को पंजाब के गुरदासपुर में स्थित डेरा बाबा नानक साहिब से जोड़ा जायेगा और भारतीय सिख श्रद्धालु आसानी से आ-जा सकेंगे।

आर्थिकी/कंपनियां

गिरावट पर ब्रेक, सेंसेक्स में मामूली तेजी

मुंबई ■ वार्ता

आरआईएल, एल एंड टी और बजाज फाइनेंस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में उछाल के दम पर देश के प्रमुख शेयर सूचकांकों में दो दिन की गिरावट का सिलसिला थम गया और बंबई शेयर बाजार का 30 बड़े शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 10 अंक की नाम मात्र की बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स दिन में 378 अंक के दायरे में उतार-चढ़ाव के बाद अंततः 10.25 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की नाम मात्र की बढ़त के साथ 38,730.82 अंक टिका। सेंसेक्स नीचे में 38,435.87 और ऊपर में 38,814.23 अंक तक गया था।

हालांकि, एनएसई का 50 शेयरों वाला निफ्टी 2.70 अंक यानी 0.02 प्रतिशत नीचे आ कर 11,555.90 पर बंद हुआ। निफ्टी चार दिन से गिर



रहा है। यह दिन में 11,461.00-11,582.55 के दायरे में रहा।

सेंसेक्स की कंपनियों में फाइनेंस, सन फार्मा, हीरो मोटोकॉर्प, एल एंड टी,आरआईएल और भारती एयरटेल में 5.60 प्रतिशत लाभ में रहा।

टीसीएस के तिमाही परिणाम जारी किये जाने से इसका शेयर 2.05 प्रतिशत तक गिर गया। इस दिग्गज आईटी कंपनी के कारोबार के तिमाही आंकड़े मंगलवार को बाजार बंद होने बाद आने थे। येस बैंक, आईटीसी, एचसीएल टेक, मारुति, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी लिमिटेड और एचडीएफसी बैंक तथा कोटक बैंक के शेयरों में 1.88 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। कारोबारियों के मुताबिक ऊर्जा, तेल एवं गैस और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में उछाल से घरेलू शेयर बाजारों को फिर से बढ़त हासिल करने में मदद मिली। वहीं अन्य एशियाई बाजारों की बात करें तो शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स, हांग सेंग और कोस्पी गिरावट के साथ जबकि निक्की बढ़त के साथ बंद हुए। ब्रेंट कच्चा तेल वायदा बाजार में 0.39 प्रतिशत चढ़ कर 64.36 डालर प्रति बैरल पर चल रहा था।

दुकाती की मल्टीस्ट्रेडा 1260 एंड्यूरो बाइक पेश

नई दिल्ली , भाषा। सुपरबाइक बाइक बनाने वाली इटली की कंपनी दुकाती ने मल्टीस्ट्रेडा 1260 एंड्यूरो को मंगलवार को भारत में पेश किया। इसकी शोरूम कीमत 19.99 लाख रुपये है। कंपनी ने बयान में कहा कि इस बाइक में पहाड़ी रास्तों और पर्यटन के लिहाज से जरूरी क्षमताओं और सुविधाओं को बढ़ाया गया है। दुकाती इंडिया के प्रबंध निदेशक सर्गी कानोवास ने कहा, 'मल्टीस्ट्रेडा 1260 एंड्यूरो भारत में रोमांचक पर्यटन के शौकीनों के लिए नए आयाम पेश करेगी।' दिल्ली - एनसीआर, मुंबई , पुणे , अहमदाबाद, बेंगलुरु , कोच्चि , कोलकाता , चेन्नई और हैदराबाद डीलरशिप पर बुकिंग शुरू हो गई है।

बिजनेस सुर्खियां

सोना 600 रुपये टूटा, चांदी 48 रुपये फिसली

नई दिल्ली, वार्ता। वैश्विक स्तर पर कीमती धातुओं

में रही गिरारवट के कारण मंगलवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 600 रुपये फिसलकर 34870 रुपये प्रति दस ग्राम बोला गया और चांदी 48 रुपये उतरकर 38900 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। सरकार ने बजट में सोने तथा बेशकीमती धातुओं पर सीमा शुल्क 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया है। इससे शनिवार को सोने में 1300 रुपये की जबरदस्त तेजी आयी थी। चाँदी में भी बढोतरी दर्ज की गयी थी। विदेशों में मंगलवार को पीली धातु में गिरावट दर्ज की गयी। लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, आज सोना हाजिर 0.51 प्रतिशत उतरकर 1,388.60 डॉलर प्रति औंस पर रहा। अगस्त का अमेरिकी सोना वायदा 0.78 प्रतिशत लुढ़ककर 1386.20 डॉलर प्रति औंस पर रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चाँदी हाजिर 0.26 प्रतिशत उतरकर 14.99 डॉलर प्रति औंस बोली गयी।

आसुस ने लांच किए नए लैपटॉप

नई दिल्ली। लैपटॉप एवं स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी आसुस ने नयी प्रौद्योगिकी आधारित दुनिया का सबसे पतला गेमिंग लैपटॉप लाँच करने की घोषणा की है जिसकी कीमत 299990 रुपये तक है। कंपनी ने मंगलवार को यहां यह घोषणा करते हुये कहा कि एनवीआईडीआईए जीफोर्स आरटीएक्स 2080 जीपीयू और इंटेल कोर आई 7 सीपीयू आधारित है दुनिया का सबसे पतला गेमिंग लैपटॉप। कंपनी ने जेफायरस एस सीरीज (जीएक्स701 और जीएक्स531) और जेफायरस एम सीरीज (जीयू502) लैपटॉप उतारे हैं। उसने कहा कि जेफायरस एम सीरीज में 9वीं जेनरेशन इंटेल कोर मोबाइल प्रोसेसर और अत्याधुनिक एनवीआईडीआईए जीफोर्स जीटीएक्स 1660 टी ग्राफिक्स कार्ड से लैस है। कंपनी ने कहा कि नये लैपटॉप ऑनलाइन मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट पर नौ और 31 जुलाई से उपलब्ध होंगे।

स्टार्टअप के कर मुद्दों के समाधान पर काम जारी: सीबीडीटी

नई दिल्ली, वार्ता। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष पी सी मोदी ने मंगलवार को यहां कहा कि स्टार्टअप को कराधान को लेकर कोई चिंता नहीं होनी चाहिए क्योंकि वर्ष 2019-20 के आम बजट में पुराने मुद्दों के समाधान के उपाय किये गये हैं। श्री मोदी ने यहां फिक्की द्वारा आम बजट पर आयोजित परिचर्चा में कहा कि भविष्य में स्टार्टअप को किसी तरह की चिंता नहीं होनी चाहिए। पुराने मुद्दों के अलग से समाधान किये जा रहे हैं। उस पर काम जारी है और उसके समाधान के लिए प्रशासनिक तंत्र बनाये जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कर अनुपालन को सरल बनाने की दिशा में बजट में कुछ नये प्रावधान किये गये हैं जो जीवनयापन में सुगमता के लिए अंदुरूनी हिस्सा है। उन्होंने इसके लिए कुछ उदाहरण भी दिये और कहा कि जब नये प्रावधान लागू हो जायेंगे तब आयकर विभाग और करदाताओं के बीच जो विरोधाभासी रिश्ते की बात होती है वह लगभग समाप्त हो जायेगा या वह कम हो जायेगा।

श्री मोदी ने कहा कि पहले की बजट की तुलना में यह बजट पूरी तरह से अलग है क्योंकि इसमें देश को 50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए नीतिगत बयान के तौर पर देखा जा सकता है।

बासेल रिपोर्ट में रिजर्व बैंक के नियामकीय ढांचे की सराहना

मुंबई, भाषा। बैंकों की अंतरराष्ट्रीय संस्था 'बैंक फॉर इंटरनेशनल सैटलमेंट्स' की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों के कर्ज जोखिम को लेकर जो नियम बनाये हैं वह वैश्विक केन्द्रीय बैंकों के बैंकर्स की बासेल स्थित संस्था के नियमों के अनुरूप हैं। यहां तक कि इनमें से कुछ नियम तो उससे भी कड़े हैं। रिपोर्ट में भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों को जून 2019 की स्थिति के अनुसार पूरी तरह अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप पाया गया है। अनुपालन के मामले में इसे सबसे ऊंचा संभावित ग्रेड माना गया है। बैंकिंग निरीक्षण पर गठित बासेल समिति ने नियामकीय निरंतरता आकलन कार्यक्रम के तहत यह रिपोर्ट तैयार की है।

रपट

आवास बिक्री चार प्रतिशत बढ़ी

सस्ते आवासों की मांग बढ़ने से यह वृद्धि देखी गयी है।

नई दिल्ली ■ भाषा

देश के आठ प्रमुख शहरों में चालू वर्ष की पहली छमाही में आवास बिक्री चार प्रतिशत और नए आवासों की आपूर्ति 21 प्रतिशत बढ़ी। संपत्ति सलाहकार कंपनी नाइट फ्रैंक की रपट के अनुसार सस्ते आवासों की मांग बढ़ने से यह वृद्धि देखी गयी है।

रपट के अनुसार समीक्षावधि में 1,29,285 आवासों की बिक्री हुई जबकि इससे पिछले साल समान अवधि में 1,24,288 आवास बिके थे। इसी दौरान बाजार में नए आवासों की आपूर्ति बढ़कर 1,11,175 इकाई रही जो पिछले साल 91,739 इकाई थी। डेवलपरों के पास गैर-बिके आवासों की संख्या नौ प्रतिशत घटकर 4,50,263 इकाई रही। कंपनी ने मंगलवार को अपनी छमाही 'भारतीय रीयल एस्टेट' रपट जारी की। यह रपट दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरू, हैदराबाद, पुणे और अहमदाबाद में आवास और वाणिज्यिक संपत्तियों की मांग, आपूर्ति और कीमत का आकलन करती है। कंपनी के कार्यकारी निदेशक (उत्तर) मुदसिर जैदी ने यहां संवाददाताओं से कि 2019 की पहली छमाही में देश में आवासों की बिक्री चार प्रतिशत बढ़ी है। यह लगातार तीसरी तिमाही है जब आवासों की बिक्री बेहतर हुई है।

आंकड़ों के अनुसार बिक्री में सबसे अधिक 10 प्रतिशत की वृद्धि दिल्ली-एनसीआर में देखी गयी। इस दौरान यहां 19,852 आवासों की बिक्री हुई। वहीं इसके बाद बेंगलुरु में यह नौ प्रतिशत की वृद्धि के साथ 28,225 इकाई रही। इसके अलावा पुणे में 17,364, चेन्नई में 8,979, मुंबई में 33,731, अहमदाबाद में 8,212 और हैदराबाद में 8,334 आवास की बिक्री हुई। हालांकि कलकत्ता में बिक्री इस दौरान 30 प्रतिशत घटकर 4,588 आवास रही। इसकी अहम वजह पश्चिम बंगाल आवास उद्योग नियामक प्राधिकरण की ओर से देरी करना रही।

मिल्कबास्केट ने अधिगृहीत की पीएसआर सप्लाई चेन

नई दिल्ली, भाषा। रोजाना इस्तेमाल के सामान की डिलीवरी करने वाली कंपनी मिल्कबास्केट ने मंगलवार को बेंगलुरु की पीएसआर सप्लाई चेन का अधिग्रहण कर लिया। हालांकि कंपनी ने इस सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया है। मिल्कबास्केट ने एक बयान में बताया कि वर्ष 2015 में नागार्जुन रेड्डी चागमरेड्डी और सांई अभिषेक वेलुकुरु ने स्थानीय ई-किराना स्टोर की शुरुआत की थी। मिल्कबास्केट ने इस स्टार्टअप के ग्राहकों को अपने में जोड़ लिया है। पीएसआर जून से अपना कामकाज बंद कर चुकी है। अपने चार साल की परिचालन अवधि में कंपनी के 4,000 से ज्यादा पंजीकृत ग्राहक थे और उसका अंतिम वार्षिक कारोबार ढाई करोड़ रुपये था। मिल्कबास्केट के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनंत गोयल ने कहा कि पीएसआर सप्लाई चेन का अधिग्रहण हमें बेंगलुरु में ग्राहक आधार बढ़ाने में मदद करेगा। कंपनी इससे पहले नोएडा की वेजी इंडिया का अधिग्रहण कर चुकी है।

हुंदै ने पेश की बैटरी से चलने वाली एसयूवी कोना

नई दिल्ली, भाषा। दक्षिण कोरिया की कंपनी हुंदै ने भारत में पूरी तरह बैटरी चालित एसयूवी कोना मंगलवार को भारतीय बाजार में पेश किया। इसकी कीमत 25.3 लाख रुपये रखी गयी है। हुंदै इस एसयूवी सामान्य ग्राहकों के लिए एक ई-वाहन पेश करने की योजना बना रही है। हुंदै की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) एचएमआईएल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एस. एस. किम ने 'पीटीआई-भाषा' से साक्षात्कार में कहा, ' हमने बजट में ई-वाहनों की खरीद पर कर प्रोत्साहन के रूप में कुछ सकारात्मक चीजें देखी हैं लेकिन हमारा मानना है कि देश में बैटरी से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा देने के लिए सरकार और चीजें कर सकती है।' उन्होंने कहा कि वर्तमान में ई-वाहन काफी महंगे हैं और सामान्य ग्राहकों के लिए उन्हें किफायती बनाये जाने की जरूरत है। कोना ई-वाहन के बारे में उन्होंने कहा, 'यह भारतीय ई-वाहन बाजार के लिए काफी परिवर्तनकारी साबित होगा। हम दूरी को लेकर लोगों की झिझक को दूर कर रहे हैं क्योंकि ई-वाहन के संदर्भ में उनकी चिंता रहती है कि एक चार्ज के बाद वाहन कितनी दूर तक जाएगा।'

जी मीडिया के प्रबंध निदेशक का इस्तीफा

नई दिल्ली, भाषा। जी मीडिया कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) अशोक वेंकटरमणी ने इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वेंकटरमणी का इस्तीफा मंगलवार से ही लागू हो गया है। जी मीडिया ने शेयर बाजार को बताया कि वेंकटरमणी ने कहीं और काम करने के लिए कंपनी छोड़ी है। वेंकटरमणी आईआईएम अहमदाबाद और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में पढ़े हैं और 30 साल से बिक्री और विपणन क्षेत्र में काम कर रहे हैं।

नलिन सिंघल भेल के नए चेयरमैन, प्रबंध निदेशक

नई दिल्ली, भाषा। नलिन सिंघल ने सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग एवं विनिर्माण कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लि. (भेल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक का पद संभाल लिया है। कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
CIN: L74999RJ1992PLC013387
पंजी. कार्यालय: ए-902ए, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-III, भिवाड़ी-301019
ई-मेल: cs@titanbiotechltd.com
फोन:011-27355742
वेबसाईट: www.titanbiotechltd.com
सूचना
एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी के अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा स्वीकृत करने के लिए कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक गुरूवार, 18 जुलाई, 2019 को कंपनी के 903-909, 9वीं मंजिल, बिगजोस टॉवर, नेताजी सुभाष प्लेस, नई दिल्ली 110034 में आयोजित की जाएगी।
हम आगे सूचित करते हैं कि कम्पनी की प्रतिभूतियों में निपटने के लिए सेबी (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियम 2015 के अनुसार जुलाई 10, 2019 से जुलाई 22, 2019 तक पदनामित सदस्यों के लिए कंपनी की ट्रेडिंग विंडो बंद रहेगी।
कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड
हस्ता/-
चरनजीत सिंह
कंपनी सचिव
M.No. A12726
स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 08.07.2019